RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 10
हिसार | शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# कांग्रेस ने लगा रखे थे भ्रष्टाचार के उद्योग, भाजपा ने लगाई रोक : मनोहर लाल

## पूर्व मुख्यमंत्री ने बरवाला कपास मंडी में विजय संकल्प रैली को किया संबोधित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने समय में भ्रष्टाचार के उद्योग लगा रखे थे, जिन्हें भाजपा सरकार ने बंद करके जनता की आशाओं के अनुरूप शासन दिया है।

मनोहर लाल शुक्रवार को बरवाला कपास मंडी में पार्टी की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जनता ने भ्रष्टाचार का दंश व मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेला है। वर्ष 2014 में केन्द्र व प्रदेश में सत्ता संभालने के बाद भाजपा ने जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई, वहीं जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बात करें तो हर घर जल, हर घर कनेक्शन, हर घर रसोई गैस सिलेंडर देने का हमारा प्रयास सिरे चढ़ा और प्रदेश की जनता हमारी सरकार की नीतियों से संतुष्ट है। उन्होंने मंच पर मौजूद लोकसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के प्रयासों व रणजीत सिंह के नेतृत्व में काम करते हुए बिजली निगम राज्य के 5800 गांवों में 24 घंटे बिजली दे रहा है, जो एक रिकॉर्ड है।

इस अवसर पर लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के हर देश में है। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 10 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनकी बदौलत भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने जनता से वोटों की अपील करते हुए कहा कि हिसार से उन्हें जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना योगदान दें।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रैली को संबोधित करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। उन्होंने पूर्व सांसद बिरेन्द्र सिंह व बृजेन्द्र सिंह पर निशाना साधते हुए कह कि इन दोनों ने भाजपा को धोखा दिया है, जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि रैली में उपरोक्त के अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व विधायक विनोद भ्याना ने भी अपने विचार रखे। रैली में बरवाला नगर परिषद चैयरमैन रमेश सरदाना, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉक्टर आशा खेदड़, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र, हिसार लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, सह प्रभारी रवि सैनी, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, पूर्व विधायक वेद नारंग, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू व चेयरमैन नरेश जांगड़ा सहित अनेक वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी शामिल रहे।

*हांसी में आयोजित व्यापारी संगोष्ठी में बोले पूर्व सीएम मनोहर लाल*

# भाजपा सरकार में चली योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिला



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 अप्रैल :** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि उनकी सरकार ने हरियाणा में जातिगत राजनीति को खत्म किया है। हमने हरियाणा एक हरियाणवी एक नारा देकर जातिगत राजनीति को बंद किया। मनोहर लाल गुरुवार रात को व्यापारी संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने अपने साढ़े 9 साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया और कहा कि भाजपा सरकार में चली योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिला है। हमने सिस्टम के अनुसार कार्य किया है। प्रदेश से क्राइम खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाए गए। हांसी को पुलिस जिला बनाया गया। उन्होंने कहा प्रदेश के विकास के लिए हरियाणवी बनकर काम करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना ने की। मंच संचालन जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने किया। विधायक भयाना ने कहा कि हमारी भाजपा सरकार ने राजनीति व्यवस्था में परिवर्तन करने का काम किया है। अक्सर लोग कहते थे कि राजनीति गंदी चीज है, हरियाणा में मनोहर लाल सरकार ने लोगों की इस सोच को बदल दिया। हमारी सरकार में बगैर पर्ची खर्ची के सरकारी नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि कहा कि मैं तो आज भी मनोहर लाल को हरियाणा का मुख्यमंत्री ही कहूंगा। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल बहुत ऊंचे तक जाएंगे। इन्होंने प्रदेश की खूब सेवा की है।

# 61 वर्षीय सीनियर खिलाड़ी का कमाल!

## आठवीं बार इंटरनेशनल टाइटल जीता, टैनिस के जुनून का दूसरा नाम है कुलदीप दलाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल (देवेन्द्र उप्पल):** हिसार के रहने वाले 61 वर्षीय कुलदीप दलाल, लॉन टेनिस के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने अहमदाबाद में विगत दिवस आयोजित इंटरनेशल मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में प्रथम स्थान हासिल किया है। वे अब तक 30 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं, जिनमें से 8 बार अव्वल रहे और 5 बार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्री दलाल युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, क्योंकि उन्होंने 49 वर्ष की आयु में खेलना शुरू किया था। 12 वर्ष के




कड़े परिश्रम से विश्व स्तर पर पहुंच गए हैं। डबल्स में मुम्बई के संजय कुमार उनके पार्टनर हैं। उनकी खूबी यह है कि ये पर्वतारोही भी हैं, बैडमिंटन में उन्होंने अण्डेमान का प्रतिनिधित्व किया और शूटिंग वालीबाल के भी अच्छे खिलाड़ी हैं।

श्री दलाल रक्षा विभाग में सीनियर आडिटर रह चुके हैं और अब नए खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण देना चाहते हैं ताकि युवा खिलाड़ी उनके अनुभव का लाभ उठा सकें। श्री दलाल गुजवि के टेनिस कोर्ट में प्रेक्टिस करते हैं। विश्व में उनका 219वां और भारत में 7वां रैंक है। वे भारत का प्रतिनिधित्व नेपाल व थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी कर चुके हैं।

बढ़ती आयु के साथ श्री दलाल का उत्साह और अभ्यास भी बढ़ा रहा है। युवा वर्ग में पनपती नशे की आदत से वे बहुत व्यथित हैं और उन्हें खेलों के प्रति रूचि लेने का आग्रह करते हैं। जितनी कम आयु में खेल का अभ्यास शुरू किया जाए उतना अच्छा है। 49 वर्ष में खेल शुरू करके केवल 12 वर्ष में उन्होंने इतनी उपलब्धियां हासिल की है और यदि किशोर अवस्था में उन्होंने कोई गेम शुरू की होती तो ओलम्पिक तक आसानी से पहुंचते। परंतु देर आयद दुरूस्त आयद!

# सावित्री जिन्दल तीसरी बार निर्विरोध अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की अध्यक्षा चुनी गई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसायटी (अग्रोहा) की गवर्निंग बॉडी के आम चुनाव में हरियाणा की पूर्व मंत्री श्रीमती सावित्री जिन्दल को तीसरी बार निर्विरोध सोसायटी की अध्यक्षा चुना गया। दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित सोसायटी के आम चुनाव में निर्विरोध निर्वाचन के बाद अध्यक्षा श्रीमती सावित्री जिन्दल ने अग्रवाल समाज के सभी मेंबर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के नेतृत्व में उनकी टीम अग्रोहा मेडिकल कॉलेज को चिकित्सा सेवा का उत्कृष्ट केंद्र बनाएगी। श्रीमती जिन्दल ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास, समाजसेवी श्री घनश्याम दास गोयल और पूर्व ऊर्जा मंत्री श्री ओपी जिन्दल जी ने चिकित्सा सेवा के उद्देश्य से महाराजा अग्रसेन मेडिकल




एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसायटी की स्थापना की थी जिसे आगे बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह संस्था सरकार के सहयोग व मार्गदर्शन से महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज-अग्रोहा का संचालन सफलतापूर्वक कर रही है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज को देश का दूसरा सबसे बड़ा ऐसा संस्थान घोषित किया है जिसे चिकित्सा में करियर बनाने वाले छात्र सबसे ज़्यादा पसंद करते हैं। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज न केवल हरियाणा बल्कि पंजाब और राजस्थान के करोड़ों मरीजों के लिए आशा की एक किरण है। श्रीमती जिन्दल ने कहा कि हम इस संस्था को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास करेंगे और पूरे क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के अग्रवाल समाज के सपनों को साकार करेंगे।




# गुरुद्वारा नागोरी गेट अमृत संचार कल होगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** बैसाखी के अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा नागोरी गेट में 13 अप्रैल अमृत संचार करवा कर सिंह सजाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सिंह सभा के श्रद्धालु सरदार संजीव सिंह पिना ने बताया इस संबंध में गुरुद्वारा साहब में सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि चार दर्जन से ज्यादा श्रद्धालु अमृत कर सिंह सजेंगे। उन्होंने गुरुद्वारा साहब की मैनेजमेंट की ओर से हिसार और आसपास के क्षेत्र की संगत को अपील की है कि जो भी श्रद्धालु अमृत संचार करना चाहता हैं वह गुरुद्वारा सिंह सभा से संपर्क करें। इस अवसर पर पांच प्यारों की सेवा श्री हरमंदिर साहिब अमृतसर की तरफ से और सेवा गुरुद्वारा सिंह सभा की तरफ से होगी।



# सम्पादकीय..........

## वायरस, मैलवेयर या स्पाइवेयर पर शिकंजा कसा रहे...

*दुनिया में सबसे सुरक्षित समझे जाने वाले मोबाइल फोन पर किसी ताकतवर स्पाइवेयर का खतरा मंडराना बहुत चिंता की बात है। एप्पल कंपनी ने भारत सहित 92 देशों में इस साल के लिए खतरे की सूचना का पहली किस्त जारी की है। इस कंपनी के मोबाइल धारकों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। खतरा कितना बड़ा है, इस संबंध में कंपनी ने आंकड़े जारी नहीं किए हैं, पर सुरक्षित मोबाइल व नेटवर्क का दावा करने वाली यह कंपनी अगर किसी भी स्पाइवेयर को लेकर चिंतित है, तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए। अव्वल तो सबसे सुरक्षित मोबाइल को निशाना बनाया जा रहा है, तो इसके व्यापक मकसद को समझा जा सकता है। अगर सबसे चर्चित व सुरक्षित मोबाइल निशाने पर है, तो बाकी मोबाइल को कितना सुरक्षित माना जाए? इसे एक ब्रांड पर ही नहीं, बल्कि मोबाइल सेवा पर हमले के रूप में देखा जा सकता है और देखा जाना चाहिए। इससे मोबाइल सेवा की विश्वसनीयता के साथ ही गुणवत्ता पर भी असर पड़ेगा। ऐसा लगता है कि एक श्रेष्ठ मोबाइल सेवा में सेंध लगाने की यह कोशिश साइबर जासूसी की साजिश का ही विस्तार है। स्पाइवेयर के तहत किसी मोबाइल में एक खास बग या तत्व को पहुंचा दिया जाता है, जो किसी एप या एसएमएस के माध्यम से सूचनाओं को लीक करने लगता है। इससे किसी भी मोबाइल धारक के बारे में तमाम जानकारियां जुटाकर उनका दुरुपयोग हो सकता है। यहां यह बात गौर करने की है कि चूंकि यह फोन महंगा है, इसलिए इसका उपयोग आमतौर पर समाज या व्यवस्था के निर्णायक लोग करते हैं। अगर किसी निर्णायक व्यक्ति के फोन में सेंध लग जाए, तो फिर उससे सेंधमार को बहुत लाभ पहुंच सकता है। निजता का उल्लंघन तो होता ही है, आर्थिक नुकसान की भी भरपूर गुंजाइश रहती है। देखने की बात है कि पेगासस की वजह से भी एप्पल के फोन निशाने पर आए थे, तब एप्पल कंपनी ने बहुत ही कड़े रुख का परिचय दिया था और पेगासस कंपनी को भी घेरे में ले लिया था। अपनी सुरक्षा के घेरे को बनाए रखने की एप्पल कंपनी की चेष्टा वास्तव में अपने ग्राहकों की यथोचित चिंता से उपजी है। वैसे, जरूरी नहीं कि सभी एप्पल फोन धारकों को स्पाइवेयर के जरिये निशाना बनाया जाए। साइबर अपराधी अपने फायदे के लिए कुछ लोगों या कुछ फोन को निशाना बना सकते हैं या बना रहे होंगे। भारत में चूंकि चुनावी मौसम है, इसलिए यहां इस खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि दुनिया में अभी पचास से ज्यादा देशों में चुनाव हो रहे हैं, अतः केवल एप्पल ही नहीं, तमाम मोबाइल फोन निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं को अपने उत्पाद व सेवा सुरक्षा के प्रति सजग हो जाना चाहिए। ग्राहकों या उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सबसे ऊपर रहनी चाहिए। वैसे भी भविष्य उन्हीं कंपनियों का है, जो अपने ग्राहकों के लिए सरकारों से भी लड़ जाती हैं। आज एक बड़ी चिंता दुनिया में उन सरकारों को लेकर भी है, जिन्हें जासूसी का चस्का है। जासूसी के अनेक प्रकरण पहले भी सरकारों द्वारा प्रायोजित रहे हैं। ऐसे में, किसी देश के संविधान के दायरे में कंपनियों की निष्ठा अगर अपने ग्राहकों के प्रति रहे, तो लोग खुद को ज्यादा सुरक्षित और सशक्त महसूस करेंगे। तमाम आईटी कंपनियों को हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दोनों ही मोर्चों पर साइबर सुरक्षा का तंत्र मिलकर तैयार करना चाहिए, ताकि वायरस, मैलवेयर या स्पाइवेयर पर शिकंजा कसा रहे।*

## किसानों ने मनाया किसान सभा का स्थापना दिवस




**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 12 अप्रैल :** किसान सभा तहसील हिसार ने गत दिवस किसान सभा का 88वां स्थापना दिवस लघु सचिवालय पर मनाया। इस अवसर पर सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार सिसाये के सरपंच अजीत सिंह, संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक श्रद्धानंद राजली, तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा, विकास सीसर, राजीव मलिक ने संयुक्त रुप से ध्वजारोहण करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि आज का दिन किसानों के लिए महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसके संस्थापक सदानंद सरस्वती ने किसानों को उसे दौर में, जब किसान पूर्ण रुप से पीड़ित था व सामंतवाद का शिकार था। उनकी जमीन, फसल, पशु, सभी पर पूर्ण रुप से सामंतवाद का कब्जा था, उस दौर में उपरोक्त जुल्मों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। किसानों को संगठित करके नया रास्ता दिखाया। आज उन्हीं के रास्ते पर पूरे देश का किसान लामबंद होकर अपने हकों की लड़ाई लड़ रहा है और केंद्र सरकार द्वारा बनाए तीन काले कानून को वापस करने में सफलता हासिल की। कार्यक्रम का संचालन तहसील सचिव रमेश मिरकां ने किया। किसानों को सज्जन कालीरावण, सतवीर भाकर, राकेश थाकन, सुरेंद्र मान, अमरजीत, शीशपाल बालक, दिलवाग हुड्डा, राजवीर न्यौली, अतर सिंह मोर, बलराज सहरावत, कृष्ण पाली, कमला हिसार, मास्टर राजवीर सिंह सिसाये, रामफल भोजराज, मुकेश घनघस, राजीव पंडित, अमरजीत किनाला, कुलदीप पूनिया, सोमबीर पिलानिया आदि ने भी संबोधित किया।

## बदले आज मुहावरे

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

आँखों से पर्दा उठा, सीख मिली बेजोड़।
वो ढूंढे हैं फायदे, तू ढूंढें है जोड़।।

क़तर रहे हैं पंख वो, मेरे ही लो आज।
सीखे हमसे थे कभी, भरना जो परवाज़।।

बदले आज मुहावरे, बदल गए सब खेल।
सांप-नेवले कर रहे, आपस में अब मेल।।

जीवन पथ पे जो मिले, सबका है आभार।
काँटे, धोखा, दर्द जो, मुझे दिए उपहार।।


जब तक था रस बांटता, होते रहे निहाल।
खुदगर्जी थोड़ा हुआ, मचने लगा बवाल।।

नोट कहाँ कब बोलते, करते सिक्के शोर।
केवल औछे लोग ही, दिखलाते हैं जोर।।

बौने खुद औकात का, रखते कहाँ ख्याल।
काँधे औरों के चढ़े, नभ से करें सवाल।।

जीवन पथ पे जो मिले, सबका है आभार।
काँटे, धोखा, दर्द जो, मुझे दिए उपहार।।

क्या पाया,क्या खो दिया, भूल रे सत्यवान।
किस्मत के इस केस में, चलते नहीं बयान।।



**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# डिप्रेशन या चिंता को कम करने के लिए इन पांच चीजों से जुड़ना है बेहद जरूरी

**अध्यात्म**

भगवान कृष्ण कहते हैं कि इस विशाल ब्रह्मांड में प्रत्येक व्यक्ति एक छोटी सी रचना है। हमारी चेतना ब्रह्मांड का एक हिस्सा है। हमारा मन, शरीर और इंद्रियां सभी ब्रह्मांड के साथ एक हैं। अगर आप यह सोचकर भ्रमित हो जाते हैं कि आप इसका हिस्सा नहीं हैं तो कभी भी अपने आप से नहीं जुड़ पाएंगे।

हम एक डिजिटल युग में रहते हैं जहां आप किसी भी चीज की तुलना में अपने गैजेट से अधिक जुड़े हुए हैं। आप तो अपने कंप्यूटर, स्मार्टफोन, टैबलेट या टेलिविजन सेटों में व्यस्त हैं। आप प्रकृति को एक अलग इकाई के रूप में देखते हैं, और आप अपने जीवन के बारे में कभी भी यह विचार किए बिना चलते हैं कि आप इसका एक हिस्सा हैं। इस मानसिकता के कारण, मनुष्य प्रकृति और स्वयं को नष्ट कर देता है। प्रकृति एक शक्तिशाली उपचारक है। यह शुद्ध, सुंदर, आत्मनिर्भर और आत्म-चिकित्सा करने वाली है। इनमें से प्रत्येक गुण हमारे पास भी है। जब आप प्रकृति के साथ एकता प्राप्त करते हैं तो ये गुण खिलते हैं। यह प्रकृति के नियमों के रूप में ज्ञात नियमों के एक समूह के अनुसार संचालित होता है जो ब्रह्मांड के संतुलन को बनाए रखता है। अगर हम प्रकृति से जुड़े हैं, तो इस संतुलित अवस्था को भी सहजता से प्राप्त कर लेते हैं।

आखिर हम प्रकृति से कैसे जुड़ सकते हैं। कुछ आसान उपाय हैं इसके। सूरज से जुड़ें- याद रखें कि बीज जमीन के नीचे कितना भी गहरा क्यों न हो, सूरज की किरणें इसे अंकुरित कर देंगी। तो यह आपके साथ भी है। सुबह-सुबह की धूप आप सेंकते हैं तो इससे चिकित्सकीय और शारीरिक दोनों तरह का लाभ होता है। आध्यात्मिक रूप से यह माना जाता है कि सुबह सूर्य के सामने आने से आप से जुड़ी सभी नकारात्मक ऊर्जाएं दूर हो जाती हैं। सुबह का सूरज शरीर को विटामिन डी और कई अन्य महत्वपूर्ण चीजें प्रदान करता है। यह मन को शांत करने, डिप्रेशन या चिंता को कम करने के साथ-साथ प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ावा देने में मदद करता है।

हवा से जुड़ें- बाहर कदम रखें और कुछ ताजा हवा लें। जरूरत हो तो किसी बगीचे या बालकनी में जाएं। अपनी त्वचा पर हवा के स्पर्श को महसूस करें। यह शरीर और मस्तिष्क को आराम देगा। धरती से जुड़ें- धरती से जुड़ाव महसूस करने के लिए नंगे पैर घास या रेत पर चलें। यह आपको फिर से जीवंत और अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ महसूस करने में मदद करेगा। आकाश से जुड़ें- यह आपके दिमाग में खुलेपन की भावना विकसित करने और थकान और डिप्रेशन को दूर करने में मदद कर सकता है। बादलों को देखें, तारों से जुड़ें- खूबसूरत रात के आसमान को देखें और महसूस करें कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा हैं, जो तारों से भरे रात के आसमान की तरह विशाल और शानदार है। पौधों से जुड़ें- आप किसी भी पौधे के पास आते हैं तो रुक जाएं और उसके पत्तों, शाखाओं या फूलों का रंग देखें। पत्तियों को छूने या फूलों की महक महसूस करने से प्रकृति के साथ जुड़ाव का एहसास होगा।

हम प्रकृति के अभिन्न अंग हैं, इसलिए प्रकृति के साथ संबंध बनाए रखना हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक बार जब हम प्रकृति को महत्व देते हैं और उसे महसूस करते हैं तो हमारे अंदर की सभी नकारात्मक ऊर्जाएं नष्ट हो जाती हैं।

# संघर्ष प्रकृति का निमंत्रण है, जो स्वीकार करता है, वही आगे बढ़ता है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



मनुष्य को अपने कल की तो चिंता होती ही है, अपने बच्चों के भविष्य को लेकर अपने से भी ज्यादा चिंता होती है,ये बच्चे कल कैसे गुजारा करेंगे, जिस स्टैंडर्ड मतलब जीवन स्तर की आदत इनको पड़ गई है, उसके लिए क्या यह धन उपार्जन कर सकेंगे या नहीं, ये तो बहुत भोले हैं, इन्हें दीन दुनिया का कुछ पता नहीं, दुनिया तो बड़ी चालाक है आदि आदि बातें सोच कर पेरेंट्स अपना सिर भारी करते रहते हैं और बच्चे हैं कि मस्त राम, ज़रा फिक्र नहीं, जो होगा, देखा जायेगा, खाओ, पियो, मौज करो। बच्चे अपने मां बाप को भी आगे सिखाने लगते हैं कि आपको तो कुछ नहीं मालूम, हमें पता है हमें क्या करना है? हम अपनी जिंदगी से क्या चाहते हैं? ये हमारी जिंदगी है, हम अपनी शर्तों पर जिएंगे, आप जैसे घुट घुट कर,डर डर कर हम नहीं जी सकते। इस तरह का चिंतन और वार्तालाप अक्सर घरों में देखा व सुना जा सकता है। कहते हैं कि सच कड़वा होता है और यथार्थ बड़ा कठोर होता है, जीवन में जब हकीकत सामने आती है, वास्तविकता से पाला पड़ता है तब समझ में आता है कि हमारे बड़े जो हमसे कहते थे, ग़लत नहीं कहते थे, उन्होंने दुनिया देखी थी। पर यह भी सच है कि कौन किसके सिखाएं सीखता है? हर कोई अपने अनुभव से ही सीखता है, वक्त और हालात जो सिखाते हैं, उसकी सीख तो जीवन को निखार देती है और सारे भ्रम दूर हो जाते हैं। एक बार बोद्धसंघ जिसमें बहुत से भिक्षु और भिक्षुणियां थी, उनका कारवां चला जा रहा था। एक जगह वो कुछ समय के लिए रुके हुए थे। एक दिन एक भिक्षुक को दर्पण में जब वो देख रहा था, ऐसा आभास हुआ कि उसका सिर नहीं है, क्योंकि उस दर्पण में उसे अपना सिर दिखाई नहीं दिया।वह बार बार उस दर्पण में देखता तो उसे अपना सिर गायब लगता, ऐसा उसे विश्वास हो गया कि उसका सिर नहीं है,उसका सिर इस दर्पण में कहीं सिमट गया है या उड़ गया है। उसने अपने साथियों से यह बात बताई,पर किसी ने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया, अपितु कहने लगे दर्पण का क्या,जब आपका सिर हमें दिखाई दे रहा है, हाथ लगा कर उसे विश्वास दिलाते तो वह कहता नहीं,पर दर्पण क्या झूठ बोलता है, इसमें उसका सिर क्यों नहीं दिखाई देता, उसके साथी कहते हमें तो दर्पण में भी दिखाई दे रहा है, और वास्तव में भी है, जितनी कोशिश करते उलटे वह बिफर पड़ता, उस की स्थिति तो विक्षिप्त जैसी हो गई थी, तब किसी ने सारी बात जाकर उस संघ के मुख्य भिक्षुक को बताई। उसने उसे अपने पास बुलाया और उसे आंखें बंद कर खड़ा होने के लिए कहा और फिर पीछे से उसके सिर पर जोर से एक डंडा मार दिया। जैसे ही डंडे की चोट पड़ी,वह भिक्षुक पीड़ा से कराह उठा और अपना सिर पकड़ कर बैठ गया तब मुख्य भिक्षु ने उस भिक्षु से पूछा कि अब बताओ सिर है या अभी और प्रमाण चाहिए और उसका भ्रम दूर हो गया।

**-डॉ. कमलेश कली**

# चिंता छोड़कर चिंतन करना चाहिये : पं. प्रहलाद मिश्र

**नवरात्रों पर गीता भवन में रामचरितमानस-प्रवचन का तीसरा दिन**



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 12 अप्रैल :** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रहे रामचरितमानस-प्रवचन व संकीर्तन के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीधाम अयोध्या से प्रहलाद मिश्र, रामायणी ने कहा कि परमात्मा सर्व समर्थ और इस त्रिगुणात्मक सृष्टि का नियंता है जो चेतन को जड़ और जड़ को चेतना प्रदान करता है। अहिल्या जो पाषणी बन गयी थी, उसे चैतन्य बना दिया और रामेश्वरम में पुल के निर्माण के बाद समुद्र में रहने वाले ज्वलचर जो चैतन्य थे, जड़ बन गये। यही उस समर्थ परमात्मा की भगक्ता एवं ऐश्वर्य है। जड़ बुद्धि का नाम अहिल्या है। जो संग दोष के कारण जड़ बन गयी परंतु संत विश्वमित्र के निर्देश से भगवद् प्राप्ति होकर दिव्य शरीर प्राप्त कर लिया। यही संत और भगवंत की अहेतुकी कृपा है। भगवती भागीरथी गंगा पतित पावनी एवं प्राण दायिनी है। गंगा के अभिसिंचन से देश धन्य हो जाता है। जो अधम प्राणियों को सद्गति प्रदान करती है, इसलिये मोक्ष दायिनी है। राम कथा को हिंदी साहित्य में गंगा की उपमा से विभूषित किया गया है। उन्होंने बताया कि भगवान का दावा है कि मैं भक्तों का योगक्षेम स्वयं करता हूं और हमेशा उनकी रक्षा भी। आर्यग्रंथों में इसके अनेक उदाहरण हैं इसलिये साधकों को चिंता छोड़क़र चिंतन करना चाहिये। सत्संग कीर्तन के दौरान भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश लक्की व शुभम अरोड़ा ने भजनों की वर्षा की। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर कथा व्यास प्रहलाद मिश्र का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। आज की सत्संग सभा में सभा की प्रधान उषा बक्शी, महामंत्री दयानंद बंसल, पं. सत्यवान शर्मा, धर्मबीर ग्रोवर, राजू नागपाल, श्याम सुंदर शर्मा, विजय चावला, नंदलाल धमीजा, देशबंधु, ईश्वर सिंगल, गंगाधर पाल, प्रेम सिंगल, वीना बंसल, स्नेह बंसल, सुषमा मदान, राज रानी गुप्ता, अनिता नागपाल, प्रेमलता गोयल, कृष्णा धमीजा सहित अनेक श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। संस्था की प्रधान उषा बख्शी ने बताया कि 16 अप्रैल तक नित्य प्रति सायं 4 से 6:30 बजे तक प्रवचन होंगे। 17 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन संकीर्तन होगा तथा रामायण पाठ का भोग डाला जाएगा।

**जापानी चौखट व जंगले** ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं
हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।
गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404
**JBS ENTERPRISES**
सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

## सुण मौल्लड़ की



चुनाव के समय जातिवाद, क्षेत्रवाद और परिवारवाद का उभरना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

**कुर्सी खातर सब सिद्धान्त भाड़ म्ह जावैं।**

## कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। मधुर वाणी से सबका दिल जीत लेंगे। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
**वृषभ :** पुराने रोगों से छुटकारा मिलेगा। कार्यों में आ रही अड़चने समाप्त होगी। कारोबार में विस्तार संभव है।
**मिथुन :** उधार के लेन-देन से बचें। क्रय-विक्रय के कार्य से जुड़े लोग सावधानी रखें। आकस्मिक घटनाएं परेशान करेगी। दुर्गा माता की पूजा करें।
**कर्क :** महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे। स्वभाव में निडरता बनी रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।
**सिंह :** नई जिम्मेदारी आने से व्यस्तता बढ़ेगी। पिता से आत्मीयता बढ़ेगी आशीर्वाद प्राप्त होगा।
**कन्या :** पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल मिलेगा। धार्मिक प्रवृति में वृद्धि होगी। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।
**तुला :** पूंजी निवेश करने से बचें, नुकसान होने की संभावना। असामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाए रखें। महत्वपूर्ण निर्णय न लें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।
**वृश्चिक :** जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। व्यक्तित्व में निखार आएगा। परिवार का साथ खुशी देगा।
**धनु :** सावधानीपूर्वक कार्य करें, चोट लगने की आशंका। कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है। शत्रुपक्ष से सर्तक रहें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**मकर :** मन में उत्साह बना रहेगा। भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। संतान के भाग्योदय से प्रसन्नता मिलेगी।
**कुंभ :** मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। गाय माता की सेवा करें।
**मीन :** अधिकारियों से मेलजोल का लाभ मिलेगा। व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा। मनोबल ऊंचा होगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

## न्याय का धन कहीं जाता नहीं है

यूनान में हेलाक नाम का एक सेठ बेईमानी से धन कमाता था और लालची भी था। बेईमानी की कमाई कर वह बहुत अमीर तो बन गया था, लेकिन उसकी कमाई में बरकत नहीं थी और न ही उसे मानसिक शांति थी। उसकी कमाई कभी बीमारी पर खर्च हो जाती, तो कभी चोरी हो जाती या फिर व्यर्थ के कामों में बर्बाद होती। लेकिन इस सेठ की बहू इलेना धार्मिक विचारों वाली और पापकर्म से डरने वाली थी। सेठ को उसकी बहू अक्सर टोका करती कि अन्याय के पैसे से बरकत नहीं होती। आप बईमानी करके धन मत जमा करो। वह कहती, 'आखिर हमें दो वक्त की ही तो रोटी खानी है और पहनना कपड़ा ही है, फिर इतनी बेईमानी क्यों?' सेठ अपनी बहू की बातों को अनसुना कर देता था। लेकिन एक दिन बहू की कही बात की सचाई जांचने के लिए उसने न्याय से धन कमाकर उससे सोने की एक पंसेरी (बाट) बनवाई। इसमें अपनी छाप लगाकर सेठ ने उसे कपड़े में बांधा और चौराहे पर रख दिया। कुछ दिन तक वह पंसेरी यों ही चौराहे पर पड़ी रही। एक दिन एक व्यक्ति ने उसे उठाकर पास के एक तालाब में फेंक दिया। संयोगवश वह पोटली मगरमच्छ के मुंह में गिर गई। मछुआरों ने तालाब में जाल डाला, तो मगरमच्छ उस जाल में फंस गया। मछुआरों ने जब उस मगरमच्छ का पेट चीरा तो वह पंसेरी बाहर निकल आई और उन्होंने सेठ के नाम की छाप देखकर वह पंसेरी सेठ को वापस कर दी। सोने की पंसेरी वापस पाकर सेठ बहुत खुश हुआ। सेठ को अब यह विश्वास हो गया कि न्याय का धन कहीं जाता नहीं है और अन्याय से कमाया हुआ धन कभी फलता नहीं है। इस सीख ने सेठ में ईमानदारी की भावना जगा दी। इसके बाद उसने अन्याय और बेईमानी करना छोड़ दिया और ईमानदारी से धन कमाने लगा।



### Name Change

I, Dilip Chand S/o Hari Chand Bhutani R/o H. No. 123, M.C. Colony, Near Sharma Dawakhana, Hisar, Haryana 125001 hereby declare that I have changed my Name from Dilip Chand to Dalip Chand Bhutani for all future purposes.

- Deponent

### Name Change

I, Kailash Chand Gandhi S/o Ram Kishan R/o H. No. 9, Vijay Nagar, Hisar, Haryana 125001 hereby declare that I have changed my Name from Kailash Chand Gandhi to Kailash Chander Gandhi for all future purposes.

- Deponent

muse a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO 80%OFF
DESIGNER BRANDS IN BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

# विमेंस ग्रुप इंडिया के वार्षिक उत्सव में विकलांग नेत्रहीन गरीबों को हरिद्वार में बैंक चैक नकद राशि देकर सम्मानित किया : जसवंत दादरीवाला







-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 12 अप्रैल :** विमेंस ग्रुप इंडिया सर्वजातीय आधार पर सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं विकलांग नेत्रहीन अनाथ बेसहारा एवं निर्धनों के सहायतार्थ हांसी के 5 उद्योगपतियों स्वर्गीय बलवंत मित्तल प्रसिद्ध पेड़े निर्माता, जसवंत गोयल दादरीवाला हिसार आर एस पाइप उद्योग, अखिल भारतीय संस्कार भारती हांसी संस्थापक अध्यक्ष, सुरेंद्र गर्ग खराडिया ऑयल मिल, बलवंत सोनी श्री श्याम जी ज्वैलर्स, सुशील जैन इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट निर्माता लखनऊ ने मिल कर करी थी। कोरोना काल में फोर व्हील क्लब के सहयोग से जमालपुर में 35 लाख में मेडिकल इक्विपमेंट, वाटर कूलर दान दिया गया। किसी भी सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु महिला पुरुष कार्यकर्ता को एक समान ड्रेस कोड, फेयर प्राइस शॉप का चलन भी वर्ष 1988 में सुभारंभ किया जो की आज पूरे भारतवर्ष में प्रचलित हो चुका है , केवल मैच्योर सर्वजातीय कप्पल ही इसके निशुल्क सदस्य बन सकते है। हिंदू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया

प्रत्येक वार्षिक उत्सव हिसार में मनाया जाता रहा था इस बार सोमावती अमावस्या के कारण हरीद्वार के पीठाधीश्वर श्रीमंगल आश्रम स्वामी सुरेशानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में विमेंस ग्रुप इंडिया एवं हम हिंदुस्तानी ग्रुप महिला शाखा हांसी की अध्यक्षा श्रीमती मधु बंसल खांडेवाले (विमेंस ग्रुप राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण अध्यक्षा) के सहयोग से मनाया गया श्री दादरीवाला ने पूनम जिंदल हांसी को ग्रुप टूर अध्यक्षा एवं पुरुषवर्ग ग्रुप टूर अध्यक्ष बजरंग जैन हांसी को नियुक्त किया। वृंदावन में फोलगुनोत्सव जिला अध्यक्ष भागवताचार्य माधव कृष्ण भारद्वाज, मधुर के नेतृत्व में फूलो की होली खेल कर आने के बाद सभी सदस्यों को हिसार से हरिद्वार ले जाने वाली बस में मुंबई से पधारे विमेंस ग्रुप के स्टार प्रचारक सदस्य एक्टर सिंगर सागर शर्मा साहब ने पुराने नगमे एवं फिल्म स्टार सिंगिंग नाइट का भी आयोजन किया गया। नववर्ष की पूर्व संध्या पर श्री मंगल आश्रम हरिद्वार में विमेंस ग्रुप इंडिया के राष्ट्रीय सांस्कृतिक कला अध्यक्षा मोना श्याम दीवानी प्रिंस हैरी ने पूरी धार्मिक तन्मयता के साथ भजनों का समा बांध कर हिंदू नववर्ष का आगाज किया।

विमेंस ग्रुप इंडिया ने इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट 2024 गोवा सरकार हरियाणा को विभिन्न प्रतियोगिता में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ राज्य ट्रॉफी सर्टिफिकेट देकर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवंत गोयल को इंटरनेशनल स्टेज पर सुभाष फलदेसाई समाज कल्याण मंत्री गोवा सरकार द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

सम्पूर्ण भारतवर्ष से आए सभी दिव्यांग नेत्रहीन खिलाड़ियों कलाकारों को विमेंस ग्रुप के सरपरस्त हिसार के प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी एस डी महिला कॉलेज हांसी मैनेजिंग कमेटी प्रेसिडेंट ने वितरित किए।

मुम्बई बॉलीवुड फिल्म टीवी सीरियल एक्टर सिंगर सागर शर्मा साहब राष्ट्रीय अध्यक्ष विमेंस ग्रुप इंडिया जसवंत गोयल दादरीवाला हिसार, ऋषि सोनी जमालपुर राष्ट्रीय महामंत्री, नेशनल मीडिया अध्यक्षा एवं दिल्ली दूरदर्शन कोर्सपोंडेनट दिल्ली प्रदेशाध्यक्षा नेहा गुप्ता, उत्तराखंड प्रदेशाध्यक्ष रमेश रोहिल्ला, राजस्थान प्रदेशाध्यक्षा प्रो.डॉ.मोनिका, गुजरात प्रदेशाध्यक्षा गरिमा गोयल, महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांग रमेश सरतापे, झारखंड प्रदेशाध्यक्ष अशोक सिन्हा, मध्य प्रदेशाध्यक्षा शालिनी रमानी, हिमाचल प्रदेशाध्यक्षा डॉक्टर प्रीति रानी, पश्चिमी दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्र गोयल, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सतीश बजाज, उत्तर प्रदेशाध्यक्ष अजय पांडेय, छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्षा चंचला पटेल, राष्ट्रीय मीडिया अध्यक्षा अर्चना झा दिल्ली, करुणा गोयल हिसार, पवन सिंघल हिसार, अशोक बंसल सांपला, सुरेश गोयल गुरुग्राम, कमलेश गर्ग हांसी, प्रज्ञा सिंघल चण्डीगढ़, बजरंग जैन हांसी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुदेश जैन हांसी, राज़ रानी जी सिंघल हिसार, शुशीला देवी बंसल गुरुग्राम, शम्मी सिधर हांसी, शकुंतला गोयल हिसार, सुरेश गोयल गुरुग्राम, रेणु रोहतक, नीरज बंसल गुरुग्राम, अंकिता बंसल गुरुग्राम, गौरव सिंघल चण्डीगढ़, कविता गोयल हरिद्वार, रामनिवास गोयल हरिद्वार, दिव्यांग कविता रावत मंसूरी, सुमन परुथी रोहतक, दिव्यांग सपना शर्मा इन्दौर, सतपाल थालवाल ऋषिकेश, नेत्रहीन विनोद राय गुजरात, नेत्रहीन दिनेश सैन मध्यप्रदेश, नेत्रहीन पूर्ण अहिरवार मध्यप्रदेश, नेत्रहीन परी राय सागर मध्यप्रदेश, प्रेम जैन हांसी, नेत्रहीन राजेश प्रजापत मध्यप्रदेश, अनु जैन हांसी, पूनम जिंदल हांसी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश मित्तल हांसी, पंचायती रामलीला ग्राउंड प्रधान सुरेश गोयल हांसी, सरपरस्त सतपाल बंसल हांसी, उद्योगपति महेन्द्र गोयल हांसी, दिनेश गोयल हांसी, सोहन लाल सिंघल चण्डीगढ़, सतपाल बंसल हांसी, पुष्पा बंसल हांसी, पिंकी गुप्ता हिसार, गोबिंद गोयल हांसी, महेन्द्र गर्ग हांसी, विद्या देवी हांसी, कमलेश गर्ग हांसी, शशि हांसी, शुशिला मित्तल हांसी एवं अन्य गणमान्य ने भाग लिया।

# कांग्रेस महिला सशक्तिकरण की नई दिशा तय करने के साथ उनके सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी : कुमारी सैलजा



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 12 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की गारंटीया महिला सशक्तिकरण की नई दिशा तय करेंगी और उनके सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। उन्होंने कहा कि इसके पहले हमने भागीदारी न्याय, किसान न्याय और युवा न्याय घोषित किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी गारंटी खोखले वादे और जुमले नहीं होते, हमारा कहा पत्थर की लकीर होता है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा का बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा एक जुमला ही है, भाजपा ने महिला हितों की अनदेखी की है, महिला विरूद्ध अपराध के आंकड़े बताते है कि महिलाएं सुरक्षित नहीं है, महिलाओं के अधिकारों पर कैंची चलाई जा रही है। पर कांग्रेस ने महिलाओं के उत्थान को लेकर पांच बड़ी गारंटियां की है। कांग्रेस की सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना लागू की जाएगी। गरीब परिवार की एक महिला को बिना शर्त एक लाख प्रतिवर्ष प्रदान किए जाएंगे। सबसे जरूरतमंद परिवारों को हितग्राहियों की पहचान की जाएगी। यह राशि परिवार को महिला बुजुर्ग के बैंक खाते में भेजी जाएगी, परिवार को बुजुर्ग महिला नहीं होने पर परिवार के सबसे बुजुर्ग सदस्य को खाते में राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आधी आबादी, पूरा हक योजना है जिसके तहत केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों में आधा हिस्सा (50 प्रतिशत) महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। इससे समाज में महिलाओं को बराबरी का पूरा हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति सम्मान योजना के तहत आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी और मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा। अधिकार मैत्री योजना के तहत सभी पंचायत में एक अधिकार मैत्री नियुक्त किए जाएंगे जो महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देंगे और इन अधिकारों को लागू करने में मदद करेंगे। सावित्री बाई फुले हॉस्टल योजला के तहत केंद्र सरकार देश भर में कामकाजी महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में कम से कम एक हॉस्टल जरूर खोलेगी। महिलाओं को वेतन में होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए समान काम समान वेतन का सिद्धांत लागू किया जाएगा। महिलाओं को दिए जाने वाले संस्थागत ऋण की मात्रा भी वृद्धि की जाएगी।

# मक्का मस्जिद मलापुर में ईद-उल-फितर की नमाज़ की अदा, आपसी सौहार्द, अमन चैन व शांति के लिए दुआएं की



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 12 अप्रैल :** मक्का मस्जिद मलापुर (हिसार) में ईद-उल-फितर की नमाज़ इमाम मोहम्मद तारिक के पीछे मुस्लिम भाईओ ने अदा की और सभी के लिए आपसी सौहार्द एवं अमन चैन व शांति के लिए दुआएं की। मस्जिद के अध्यक्ष ताज मोहम्मद ने बताया कि ईद -उल-फितर आपसी भाईचारे का त्यौहार है व इस मौके पर दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते है और उन्होंने कहा की देश व दुनिया मे आवाम की खुशहली के लिए दुआएं करते है और आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों से बचने के लिये कहा। मक्का मस्जिद के पूर्व अध्यक्ष मास्टर सुतार दीन, छेलुदीन, इद्दुदीन, मोबिन दीन, सरीफ दीन, सुबेदीन, मनीरदीन, लीलूदीन, साबर दीन, रज़ाकदीन, नूरमोहम्मद, सलाउद्दीन, आमीनदीन, मजीद खान, अकबर, असरयल, युसफ़ आदि ने ईद मिलान समारोह में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और जाखोद खेड़ा, मातृश्याम, मिगनी खेड़ा, नेवली कलां, दुर्जनपुर, चिकनवास, सलेमगढ़, लाडवी, झिड़ी, ढंढूर आदि गांव के मुस्लिम बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान ने रंग बिरगी पोशाक व टोपिया पहन कर सुबह सवेरे ही मस्जिद में नमाज अदा करने के लिये सैंकड़ों की संख्या में पहुँचे। इस मौके पर मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने आने वाले महमानों के लिये खाने पीने का भी प्रबंधक किया। इस अवसर पर हिन्दू भाइयों ने सभी मुस्लिम भाईयों को गले मिलकर ईद मुबारक़ बाद दी व सभी के लिए आपसी सौहार्द एवं अमन चैन के लिये दुआएं की।

# संयुक्त किसान मोर्चा की डीसी हिसार से हुई बैठक रही सौहार्दपूर्ण

## 16 अप्रैल को जाट धर्मशाला हिसार में होगी किसान-मजदूर महापंचायत




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 12 अप्रैल :** संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार का पक्का मोर्चा धरना 99 वें दिन जारी रहा गत वीरवार को धरने की कमान सिसाय गांव ने संभाली और धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता धर्मपाल एंव राजेंद्र शर्मा ने संयुक्त रुप से की। और संचालन मास्टर रणबीर एंव अजीत सिंह ने किया। प्रेस ब्यान में किसान नेताओं ने बताया कि आज संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार कि डीसी, हिसार के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण रही। जब तक सभी मांगों का समाधान नहीं होता धरना जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार के बैनर तले 16 अप्रैल को 12 बजे जाट धर्मशाला हिसार में किसान-मजदूर महापंचायत करके बड़ा फैसला लेंगे। आज नारनौंद में 11 साथियों को गिरफ्तार किया गया मोर्चा कड़े शब्दों में निंदा करता है। किसानों को जल्द रिहा करो वरना संयुक्त किसान मोर्चा बड़ा फैसला लेगा। किसानों का शांतिपूर्ण सवाल पूछने का अभियान जारी रहेगा। कल बरवाला के अंदर पूर्वमुख्यमंत्री से किसान पूछेंगे सवाल।धरना स्थल पर किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया गया। और ईद सांझा भाईचारे के रुप में मनाई गई। आज डीसी से मीटिंग में सभी मुद्दों को बेबाकी से रखा। डीसी साहब ने सभी मुद्दों पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। खरीफ 2022 के मुआवजे के 47 करोड़ रुपये आए हुए है। जल्द किसानों के खातों में डाल दिए जाएंगे। 2022 से सीएससी सेंटर से बीमा क्लेम की 8 हजार पॉलिसी बाकि है उनको जल्द ठीक किया जाएगा। 2023 क्षतिपूर्ती पोर्टल पर खराबा दर्ज करवाया था उनके पैसे आए हुए है जल्द किसानों के खातों में डाले जाएंगे। बाजरा भावांतर के 66 करोड़ रुपए आए हुए है कुछ किसानों के खाते में डलने शुरु हो गए है। 2023 का गुलाबी सुन्डी खराबे के 59 करोड़ रुपऐ किसानों के खाते में अप्रैल महीने में डाल दिए जाएंगे। 72 गाँवों के कई गांवों के पैसे जिन गांवों के बचे हुऐ है एक हफ्ते में डाल दिए जाएंगें। यूरिया, डीएपी सहकारी समितियों पर मिलेगा। 19 फरवरी व 2 मार्च को ओलावृष्टि का नुकसान गेंहू व सरसों का खराबा कम दिखाया गया है।जिन गांवों में कम खराबा दिखाया गया उमनें दौबारा जांच करके पूरा खराबा दिखाया जाएगा।नकली खाद बीज जहां मिलता हो तो प्रसाशन को सूचित करे उसके खिलाफ ठोस कानूनी कार्यवाही की जाएगी और लाईसेंस रद्द किया जाएगा। बास टोल के पास 23 एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई जिसके पैसे नहीं आऐ है। खरीफ 2022 के 223 किसानों के रुपये केसीसी से काट लिए बैंक ने जान बूझकर खराबे को पोर्टल पर नही चढाया। यह बहुत बड़ा फरोड़ है। करीब 13 करोड़ का मुआवजा बनता है। प्रशासन ने दो महीने में समाधान करने के आश्वासन दिया। लक्ष्मी सोलर पम्प कम्पनी किसानों के सोलर पम्प नही लगा रही किसानो को सोलर कम्पनी बदलने का अवसर दिया जाएं। बालसमंद तहसील, आदमपुर तहसील और खेड़ीचौपटा तहसील 2022 का खराबे के पैसा का जल्द समाधान करेंगे। बालसमंद मंडी, हिसार मंडी, नारनौद मंडी और सिसाय मंडी में बारदाना, ट्रांस्पोर्ट, खरीद आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। रिलायंस कम्पनी दौबारा बीमा करने आ गई किसानों ने विरोध किया। धरने पर शमशेर सिहं नम्बरदार, दिलबाग सिंह हुड्डा लुदास, विकास सिसर, सुरेंद्र लितानी, हर्षदीप गिल, सुरेंद्र मान, राजिव मलिक, सोमबीर चौधरीवास, कुलदीप पुनिया, बलराज मलिक, अनिल गोरछी, मुकेश डाया, जसबीर सूरा, राजू खरड़, कमला देवी, अतरसिंह मोर, सुंदर पनिहारी, मुख्त्यार सिहं, सुबेसिहं बूरा, विरेंद्र बागोरिया, अमरजीत कुंडू, सरदानन्द राजली, राजेश शर्मा, राजेश सिवाच, राजबीर सरपंच, देवेंद्र लौरा, सोनू बोबुआ, जगदीश सिहं, ओमप्रकाश सिहाग, ईश्वर सिहं सिसाय, रामचंद्र सिसाय, रोशनलाल सिसाय, शीशपाल बालक, राजेंद्र, धर्मपाल सिसाय, नेकी राम लाडवा, मुकेश डाया, प्रेम वकील, कृष्ण पाली, बलराज सिंह, संजय डाया, राजबीर गैबीपुर, रमेश मिरकां, रोशन लाल, शमशेर भेरिया आदि शामिल रहे।

# तलवंडी राणा धरने पर ग्रामीणों ने भरी हुंकार, रोड नहीं तो वोट नहीं, ग्रामीणों ने काले झंडे लगाकर विरोध जताने का लिया फैसला




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 12 अप्रैल :** तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में तलवंडी राणा चंडीगढ़ बाई पास पर दिए जा रहे धरने पर आज तलवंडी राणा व आस-पास के दर्जनो गांवों से सभी जाति-बिरादरी के लोग इकट्ठा हुए। समिति अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने बताया कि सभी ने धरने पर मिलकर फैसला लिया कि अगर भाजपा सरकार हमें रोड नहीं देगी तो हम उसे वोट नहीं देंगे। ग्रामीणों ने यह भी फैसला लिया कि 14 महीने से धरने पर बैठे होने के बावजूद भी ग्रामीणों को स्थायी रोड नहीं दिए जाने के रोष स्वरूप ग्रामीण अपने घर, दुकान, मकान व धरना स्थल पर काले झंडे लगाकर अपना रोष जताएंगे।

ओ.पी. कोहली ने बताया कि हमें धरने पर बैठे हुए 14 महीने से अधिक समय हो गया है लेकिन सरकार लगातार ग्रामीणों के साथ धोखा कर रही है। पहले तो सरकार इस रोड को दो भागों में बांटने की बात कहकर ग्रामीणों को गुमराह करती रही। फिर 2.2 कि.मी. सड़क का टुकड़ा बनाकर उसे पुराने रोड में ही मिलाकर ग्रामीणों को रोड देने की औपचारिकता पूरी ली जबकि जिस रोड से इस 2.2 कि.मी. के रोड को जोड़ा गया है वह पहले ही हवाई अड्डे की पट्टी में आ चुका है और उसे कभी भी पहले वाले रोड की तरह उखाड़ दिया जाएगा। 2.2 कि.मी. का जो रोड सरकार ने बनाकर दिया है उसमें भी सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही व खानापूर्ति साफ नजर आ रही है क्योंकि उस रोड में से 16 मरले की जमीन पर डीएसएम मिल प्रशासन अपना दावा कर रहा है और इसे लेकर वह अदालत का दरवाजा भी खटखटा चुका है।

कोहली ने बताया कि वैसे तो प्रदेश की भाजपा सरकार के नेता जनता को न्याय देने की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन 14 महीने से सर्दी, गर्मी, बारिश, तूफान के बीच धरने पर बैठे ग्रामीण महिलाएं, बच्चे, युवा व बुजुर्गों की पुकार सरकार को नहीं सुनाई नहीं दे रही जो कि घोर अन्याय है। सरकार व राजा का काम प्रजा को न्याय व सुविधाएं देना होता है लेकिन यहां तो अपने हक के लिए इतने लंबे समय से धरना देने के बाद भी एक छोटी सी मांग सरकार द्वारा पूरी नहीं की जा रही।

उन्होंने कहा कि सरकार के नुमाईंदे अब आचार संहिता की बात कर रहे हैं लेकिन यह केवल बहानेबाजी है जब सरकार विशेष अधिकार का इस्तेमाल करके आचार संहिता में ही मंत्रीमंडल का गठन कर सकती है। करोड़ों रुपये के शराब के ठेके आवंटित कर सकती है तो रोड का काम तो जनता के हित का काम है इस जनहित के कार्य के लिए तो खास तौर पर परमिशन लेकर हमें सड़क दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने अब ठान लिया है कि अगर हमें 3 कि.मी. का बकाया रोड जो कि एयरपोर्ट की बाहरी के साथ-साथ, राणा माइनर व धांसु गैस प्लांट तक है, नहीं मिलता तो हम भाजपा व जजपा को कोई वोट नहीं देंगे और अपने घर, प्रतिष्ठान, दुकान व धरना स्थल पर काले झंडे लगाकर रोष जताएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीणों के धैर्य और चुप्पी का गलत अंदाजा लगा रही है लेकिन अब हमने अपनी चुप्पी तोड़ दी है और इन लोकसभा व आगामी विधानसभा चुनावों व भाजपा व जजपा ग्रामीणों के वोटों की राह न देखे और विरोध को झेलने के लिए तैयार रहे।

# सुशील सारवान, आईएएस ने 2023 में अपना गृह जिला पंचकूला से बदलवाकर कराया था अम्बाला

## गत वर्ष पंचकूला में डी.सी. तैनात होने पर भी उठे थे सवाल : एडवोकेट हेमंत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 12 अप्रैल :** भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पंचकूला जिले के उपायुक्त (डीसी) सुशील सारवान, आईएएस को उनके पद से मुक्त कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के अंतर्गत आने वाले कार्मिक विभाग द्वारा गुरुवार 11 अप्रैल को एक आदेश जारी किया गया। पंचकूला जिले के अगले डीसी की तैनाती बारे फिलहाल कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, क्योंकि लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने के दृष्टिगत मौजूदा लागू आदर्श आचार संहिता में डीसी पद पर चुनाव आयोग की स्वीकृति से ही ताज़ा तैनाती की जा सकती है।

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत ने बताया कि गत वर्ष 19 अगस्त 2023 को सुशील सारवान को पानीपत जिले के डीसी पद से बदलकर पंचकूला जिले का डीसी और साथ साथ पंचकूला स्थित माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड का मुख्य प्रशासक तैनात किया गया था। इस सम्बन्ध में जारी आदेश में इन दोनों कार्यभारों का अलग अलग उल्लेख था एवं प्रदेश के मुख्य सचिव की वेबसाइट पर भी उनके पास उक्त दोनों कार्यभार अलग अलग दर्शाए जाते रहे। अब ताज़ा जारी आदेश में उन्हें केवल डीसी पंचकूला के पद से ही रिलीव (पदमुक्त) करने का ही क्यों उल्ललेख किया गया है एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य प्रशासक पद से क्यों नहीं, यह देखने लायक है। हालांकि माता मनसा देवी पूजास्थल कानून के प्रावधानों के अनुसार डीसी पंचकूला ही अपने इस पद के कारण माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड का मुख्य प्रशासक होता है।

सुशील सारवान पांच वर्ष पूर्व मई, 2019 में एचसीएस (हरियाणा सिविल सेवा) से प्रोमोट होकर आईएएस अधिकारी बने थे। उनके पिता एम. एल. सारवान रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं जबकि उनकी माता संतोष चौहान सारवान दो बार- एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा से हरियाणा विधानसभा की सदस्य (विधायक) और प्रदेश की तत्कालीन भजन लाल सरकार में मंत्री पद पर भी रह चुकी हैं। हरियाणा में भाजपा की पिछली सरकार (2014-2019) के दौरान वह अम्बाला जिले के मुलाना विधानसभा हलके से विधायक रही थी हालांकि उन्होंने 2019 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था और न ही वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ रही है।

बहरहाल, हेमंत ने एक और रोचक जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष जब सुशील सारवान को पानीपत के उपायुक्त पद से बदलकर पंचकूला का डीसी तैनात किया गया था, तब उनके आधिकारिक रिकॉर्ड में उनका गृह जिला पंचकूला ही दर्ज था जिसके बाद इस बार पर विवाद भी उठा था कि क्या किसी आईएएस कैडर के अधिकारी को उसी के ही गृह जिले में सबसे अहम प्रशासनिक और प्रतिष्ठित पद अर्थात डिप्टी कमिश्नर - डीसी (उपायुक्त) के पद पर तैनात किया जा सकता है?

हालांकि पंचकूला जिले के डीसी पद पर तैनाती के कुछ माह पश्चात सुशील सारवान ने हरियाणा सरकार को लिखकर उनका गृह जिला पंचकूला से बदलवाकर अम्बाला करवा लिया था। हेमंत ने बताया कि कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी अपनी सरकारी सेवा के दौरान एक बार अपना गृह जिले बदलवा करने के लिए सरकार को आवेदन दे सकता है एवं सामान्यतः सरकार उसे स्वीकार कर आधिकारिक रिकॉर्ड में गृह जिले में बदलाव कर देती है।

जैसा भी हो, गत वर्ष संभवतः सुशील सारवान को यह अंदेशा नहीं रहा होगा कि बेशक वह अपना गृह जिला पंचकूला से बदलवा कर अम्बाला करवाने से पंचकूला के डीसी पद पर तो तैनात रह सकते हैं परन्तु चूँकि पंचकूला जिला अम्बाला लोकसभा हलके के ही अंतर्गत पड़ता है, इसलिए उन्हें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत पंचकूला जिले के डीसी पद से भी बदला जा सकता है।

हेमंत ने बताया कि आम तौर पर लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनावो में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े किसी भी अधिकारी को न तो उसके गृह जिले में तैनात किया जा सकता है और न ही उस जिले में जहां उसने तीन वर्षो का कार्यकाल पूर्ण कर लिया हो। हालांकि इस बार फरवरी में चुनाव आयोग के ताज़ा निर्देशों में यह भी उल्लेख था चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी को एक जिले से बदलकर साथ लगते किसी ऐसे जिले में भी नहीं तैनात किया जा सकता जो उसी लोकसभा हलके के अंतर्गत पड़ता हो जिससे तहत उसका पिछला जिला पड़ता था।

जहां तक पंचकूला जिले के डीसी का विषय है, तो वह अम्बाला लोकसभा सीट के न तो रिटर्निंग ऑफिसर (आर.ओ.) हैं और न ही असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर (ए.आर.ओ.) हालांकि उन्हें चुनाव आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1950 में पंचकूला का जिला निर्वाचन अधिकारी पदांकित किया गया है एवं अम्बाला लोकसभा सीट के पंचकूला में तैनात दो ए.आर.ओ. अर्थात पंचकूला और कालका के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) अर्थात उपमंडलाधीश प्रशासनिक तौर पर डीसी पंचकूला के ही अधीन आते हैं एवं पंचकूला जिले के दोनों विधानसभा हलको - पंचकूला और कालका में चुनाव प्रक्रिया के सामान्य अधीक्षण और नियंत्रण का ज़िम्मा पंचकूला के डीसी का ही होता है।

# सूर्यनगर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के बच्चों में वितरित की स्टेशनरी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** हमारा प्यार हिसार के सदस्यों ने आज सूर्यनगर स्कूल में 150 बच्चों को स्टेशनरी वितरण करते हुए जरूरतमंद बच्चो में अपने स्टेशरी वितरण अभियान को जारी रखा। इस स्कूल में कुल 250 बच्चे हैं। उल्लेखनीय है कि गत मास लगभग 100 बच्चों को संस्था की तरफ से स्टेशनरी बांटी गई थी, आज बाकी 150 बच्चों में विभिन्न विषयों की 600 कापियाँ, पैन, पैंसिल, रबड़, शार्पनर और जरूरत की अन्य पाठ्य सामग्री वितरत की गई। उल्लेखनीय है




कि हमारा प्यार हिसार विभिन्न शासकीय स्कूलों में जाकर अभावग्रस्त बच्चों को सर्दियों मे स्वेटर , जुराब- जुते निशुल्क उपलब्ध करवाती है। अब नए शैक्षणिक सत्र के शुरुआत मे संस्था पहल करते हुए बच्चों को स्टेशनरी बांटने का काम कर रही है ताकि स्टेशनरी के अभाव में इन गरीब बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। सदस्स्यों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रथम कक्षा मे इस वर्ष 35 बच्चों ने दाखिला लिया है। क्लास टीचर ने बताया कि इनमें से 15 बच्चे अत्यंत गरीब परिवारो से है इनके पास स्कूल यूनिफार्म नहीं है। संस्था जल्द ही इन बच्चों को यूनिफार्म उपलब्ध करवाएगी। इस अवसर पर संस्था सदस्य त्रिलोक बंसल, डॉ राज वर्मा, सत्येन्द्र यदुवंशी, दिप्ती कादयान, युद्धवीर पान्नु, सक्षम तालुजा, इशिका, पुर्वी एवं प्रिंसिपल कृष्ण कुमार सहिर स्टॉफ सदस्य राजेश सिंगला, उर्मिला, हेमलता, संजीव कुमारी, हरदास चौहान, राजेन्द्र दहिया, सुमित्रा, पुनम, संगीता आदि मौजूद रहे।

# डॉ. विकास शर्मा को आई.डी.ई. 2024 में किया सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** मिनीस्ट्री ऑफ़ एजुकेशन, ए.आई.सी.टी.ई., एन.सी.ई.आर.टी, सी.बी.एस.ई. व इनोवेशन सेल भारत सरकार द्वारा इनोवेशन डिजाईन पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम का सी.जी.सी. मोहाली में आयोजन किया गया। जिसमें डी.पी.एस. हिसार के केमिस्ट्री प्रवक्ता डॉ. विकास शर्मा का चयन किया गया। डॉ. विकास शर्मा ने इनोवेशन एम्बेसडर के रूप में लगातार दूसरी बार यह सफलता हासिल की है। डॉ. विकास शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से चयनित



इनोवेशन एम्बेसडर, प्रतिष्ठित संस्थानों के अधिकारियों के अलावा अन्य स्कूल शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ. विकास शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को इनोवेशन व साइंस प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हशुहिंदर पाल सिंह बरार (डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन चंडीगढ़), डॉ. अमित कौशल (अधिकारी मिनीस्ट्री ऑफ़ एजुकेशन), डॉ. सज्जन सिंह (प्रिंसिपल, सी.जी.सी. मोहाली), डॉ. प्रभजोत कौर (प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर) ने डॉ. विकास शर्मा को सम्मानित किया।

# श्री काली देवी विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी का त्यौहार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 12 अप्रैल :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी में बैसाखी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग वेशभूषा में संस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य व मधुर गीतों द्वारा मनोरम समा बांधा। विद्यार्थियों को बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गीता मेहता ने सर्वप्रथम जलियांवाला बाग के शहीदों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी कुर्बानी की महत्ता के बारे में अवगत कराया। बैसाखी की विशेषता बताते हुए कहा कि यह त्योहार उत्तर भारत में नई फसलों के आगमन के रूप में मनाया जाता है जो कि हमें अपनी राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाता है व हमें एक-दूसरे के साथ जुड़े रहने का संदेश देता है। अतः इस विशेष दिन को हमें एक उत्सव और समृद्धि के रूप में मनाना चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में के.एल. आर्य डी.ए.वी स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** मैथ्स ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैथ्स ओलंपियाड में के.एल. आर्य डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इसमें स्कूल के 147 छात्र शामिल हुए जिसमें 37 छात्रों ने मैडल लेकर व 97 छात्रों ने मैरिट सर्टिफिकेट प्राप्त कर अपनी योग्यता का प्रमाण दिया। छात्रों ने 6 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक व 22 कांस्य पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में विजेताओं को मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उन्हें देते हुए भविष्य में इससे भी बेहतर करने का शुभाशीष दिया। इस ओलंपियाड को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षक अलका अदीब, कृष्ण कुमार सिहाग, सतबीर सिंह व संजय राजपाल सहित सभी गणित शिक्षकों का मुख्य योगदान रहा। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने सभी शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# नि:शुल्क विशाल रोगनिवारक स्वास्थ्य शिविर 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चौधरी वास धाम में

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** निकटवर्ती गांव चौधरीवास में स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम में श्री पंचमुखी हनुमान जी व परम पूज्य ब्रह्मलीन गुरुवर श्री गोपीराम जोशी के आशीर्वाद से व धाम के परम् पूज्य गुरुवर भाईजी श्री पवन कुमार जोशी के सानिध्य में धाम में चल रहे अनुष्ठान का सवालाख संगीतमय श्री हनुमान चालीसा एवं श्री दुर्गा सप्तसति नवचंडी पाठ अनुष्ठान माता जी के पावन जयकारों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आगाज हुआ चुका है। धाम के मुख्य पुजारी मोनू भाईजी ने बताया कि हरियाणा में पहली बार 13 अप्रैल को धाम में परम् पूज्य श्री काली कंबल वाले बाबा पहुंच रहे हैं जो कि धाम में पहुंचने वाले रोगियों के असाध्य रोग जैसे, लकवा, शुगर, बीपी, कैंसर, लूले-लंगड़े गूंगे बहरे, अंधे



इत्यादि रोगियों का एक मात्र झाड़ा लगा कर एक सप्ताह में उन के रोगों का निदान करेंगे। मुख्य पुजारी मोनू भाईजी ने बताया कि आने वाले रोगियों के लिए रहने खाने को व्यवस्था धाम में की गई है। इसके अलावा धाम में बक्सर से परम पूज्य गंगापुत्र श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज पहुंच चुके हैं।

# चौ. हरि सिंह सैनी की एक शानदार जीवन यात्रा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** शेरे पंजाब लाला लाजपत राय द्वारा संस्थापित आर्य समाज नागोरी गेट, हिसार के सर्वाधिक लम्बे समय प्रधान रहे व हरियाणा सरकार में मन्त्री रहे। ऋषि पथ के अनुगामी स्वनाम धन्य चौ. हरिसिंह सैनी अपनी जीवन यात्रा की शानदार पारी पूरी करके अनेकानेक स्मृतियों के साथ अपना भौतिक शरीर छोड़ कर हमसे जुदा हो गए। उनकी अन्त्येष्टि सार्वदेशिक सभा के प्रधान पूज्य स्वामी आर्यवेश जी महाराज के मार्ग निर्देशन में आचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी, आचार्य पं. कर्मवीर शास्त्री व दयानन्द ब्राह्म महाविद्यालय के छात्रों ने ऋषिनगर शमशान भूमि में वेद मन्त्रोच्चारण के साथ हजारों नगर वासियों की उपस्थिति में पूर्ण वैदिक रीति से सम्पन्न करवाई। स्वामी आर्यवेश जी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए नगरवासियों की ओर से प्रार्थना करवाई। दयानंद ब्राह्म महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी, मानद प्रबंधक देवेन्द्र उप्पल, आर्य बाजार के प्रधान प्रमोद लाम्बा तथा व्यापारी नेता व समाजसेवी रमेश रायल अरोड़ा ने श्री सैनी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और कहा है कि उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन से हुई क्षति की पूर्ति संभव नहीं है।

**Name Change**

I, Sanjay Aggarwal @ Sanjay Agarwal @ Sanjay Kumar Agarwal S/o Inder Sain R/o H. No. 122, Urban Estate-II, Hisar, Haryana do hereby declare that I have changed my name from Sanjay Aggarwal @ Sanjay Agarwal @ Sanjay Kumar Agarwal to Sanjay Kumar Agrawal for future purpose.

- Deponent




# हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो यूनिट हिसार की टीम ने नशा तस्कर से 41 ग्राम हेरोईन की बरामद

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 12 अप्रैल :** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय श्री ओ.पी सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमति नितिका गहलोत आईपीएस के दिशा निर्देश पर समूचे हरियाणा मे नशा तस्करों के खिलाफ कार्यावाही करते हुए 10 अप्रैल को हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो हिसार ने एक नशा तस्कर को 41 ग्राम हैरोईन के साथ हिसार सिरसा रोड पर ढंढुर पुल के पास से काबू करके राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में 41 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस विषय में उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह एवं युनिट हिसार के ईन्चार्ज पीएसआई बर्लिन ने बताया कि विगत 10 अप्रैल को मैं अपनी टीम सहित गांव ढंढुर पुल के नजदीक मौजूद था जो एक सूचना मिली कि एक लड़का बलविन्द्र उर्फ बिट्टु उर्फ भिंढी अग्रोहा की तरफ से गांव पीरावाली की तरफ जायेगा। अगर नाका बन्दी की जावे तो काफी मात्रा में नशीला पदार्थ सहित काबू आ सकता है। गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी



बलविन्द्र को काबू करके राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर कुल वजन 41 ग्राम हैरोईन बरामद होने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए NDPS ACT के तहत थाना सदर हिसार में अभियोग दर्ज रजिस्ट्रर करवाया गया। जिसकी आगामी तफतीश थाना सदर हिसार द्वारा की जा रही है। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नं. 90508-91508 पर सूचना देने बारे जागरुक किया गया व बताया गया कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# व्यापार मंडल के प्रान्तीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने स्कूल बस हादसे में 6 बच्चों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 12 अप्रैल :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने जिला महेंद्रगढ़ के कनीना में प्राइवेट स्कूल बस पलटने से 6 बच्चों की मृत्यु व लगभग 22 बच्चे घायल होने पर गहरा दुख प्रकट किया और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना से घायल बच्चों जल्दी ही स्वस्थ होने की कामना की है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बस ड्राइवर द्वारा नशा करने व बस को हाई



स्पीड पर चलाने के कारण आज 6 परिवारों के चिराग बुझ गए है। जिसकी कभी भी भरपाई नहीं हो सकती। ईद की सरकारी छुट्टी होने के बावजूद भी यह स्कूल खुलना व स्कूल बस फूल फिट न होना भी स्कूल की बहुत बड़ी लापरवाही है। उसके लिए स्कूल प्रबंधन पर तुरंत मुकदमा दर्ज करके सरकार को सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने सरकार से मांग की है कि मृतक व घायल परिवारों को उचित मुआवजा दे।

# विसर्जन के साथ गणगौर पर्व संपन्न, हरियाणवी-राजस्थानी गीतों पर खूब थिरकी महिलाएं

## महाबीर कॉलोनी स्थित जलघर में किया विसर्जन, बड़वाली ढाणी से नाचती हुई पहुंची महिलाए

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 12 अप्रैल :** बड़वाली ढाणी में वीरवार को गणगौर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। अंतिम दिन महिलाओं ने घरों में गणगौर की पूजा-अर्चना की। शाम को महिलाएं डीजे पर हरियाणवी व राजस्थानी गीतों पर नाचती हुई गणगौर विसर्जन के लिए महाबीर कॉलोनी स्थित जलघर पहुंची। यहां महिलाओं ने गीत गाकर गणगौर का विसर्जन किया। इसके साथ ही पर्व सपन्न हो गया। वहीं, गणगौर के साथ महिलाओं ने सेल्फी भी ली। गणगौर का विसर्जन करने पहुंची उर्मिला, चित्रा, वंदना, अर्चना आदि ने बताया कि गण के रूप में भगवान शिव और गौर के रूप में माता पार्वती की पूजा होती है। महिलाओं को इस पर्व का हर साल इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गणगौर पर्व काफी प्रचलित है। मगर अब हरियाणा में भी इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। गणगौर पर 16 दिन तक घरों में पूजा-अर्चना चलती है। इस दौरान महिलाओं ने गारा की



गणगौर कुआ पर क्यों रे खड़ी है, ओ जी म्हारे आंगन कुवलो खुदा दो, जे को ठंडो पानी, माथन भांवर घड़ा री गणगौर, घड़ा री गणगौर, हांजी म्हारे आंगन कुओ खिनयदो हिवड़ा इतरो पानी, म्हारा दादाजी के जी मांडी गणगौर आदि गीत गाए गए। इस अवसर पर पुष्पा, ममता, पूमन, उर्मिला, ऊषा, स्नेह, ललिता, सरोज, शायर, रीतु, बिमला, कांता रानी, किरण, मोना आदि महिलाएं उपस्थित रही।

*कटला रामलीला के रामनवमी महोत्सव में धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव*

# हिसार में बह रही श्रीराम कथा रूपी गंगा, इसमें डुबकी लगाने वाले भाग्यशाली : कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। 127वें श्रीरामनवमी महोत्सव के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन भवन में गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी श्रीराम कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति व श्रद्धा से ओतप्रोत कर रहे हैं। श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी के मुख से श्रीराम जन्म का सुंदर प्रसंग सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे। श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान पवन रावलवासिया, जयकुमार बंसल, हेमंत सरावगी, प्रदीप अग्रवाल श्रीराम मार्बल, विनोद गर्ग, प्रवीन गर्ग, राहुल जैन, आलोक अग्रवाल, सतीश बंसल व एन. के. गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कमल सर्राफ, प्रवीन गुप्ता, विनोद गुप्ता, विनोद कंसल, नीरज गुप्ता, दुनीचंद गोयल, राजेंद्र लोहिया, विराट अग्रवाल, अनिल जिंदल व दीपक गौतम भी मौजूद रहे। प्रमोद गर्ग, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र मित्तल, डॉ. सुभाष शर्मा, अनिल सिंगल, दिनेश डाबड़ा, पुरुषोत्तम तायल व ऋषिकेश गर्ग सहित काफी गणमान्य लोग भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव में रामलीला कमेटी के उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र बंसल (नेताजी) व रामनिवास गर्ग परसा भी मौजूद रहे। श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने श्रीराम कथा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गंगा में स्नान करने के लिए हरिद्वार जाना पड़ता है लेकिन हिसार में ही श्रीराम कथा रूपी गंगा बह रही है। इसमें जो डुबकी लगाए वह इंसान भाग्यशाली है। सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व रमेश लोहिया ने बताया कि महोत्सव में 12 अप्रैल को श्रीराम वनवास व दशरथ जी को शोक एवं 13 अप्रैल को भरत मिलाप व सीता हरण प्रसंग रहेंगे।

# 'आप' प्रदेश संयुक्त सचिव डा. दिव्या सेठी महता समर्थकों सहित भाजपा में हुई शामिल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** आम आदमी पार्टी को हरियाणा में वीरवार को उस समय जोर का झटका लगा जब पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संयुक्त सचिव डा. दिव्या सेठी महता ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डा. दिव्या सेठी महता व उनके समर्थकों को पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिए जाने का आश्वासन दिया। हिसार की निवासी डा. दिव्या सेठी महता ने बताया कि आम आदमी पार्टी से उन्होंने 10 अप्रैल को त्याग पत्र दे दिया था। उन्होंने बताया कि वह भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज देश को विकास के पथ पर केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही आगे लेकर जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

## ओ३म
## आज का मंत्र

प्रभु के भक्तों को आज हम केवल तीन शब्दों का बहुत ही कारगर वैदिक मंत्र दे रहे हैं।: –

**ओ३म् मत्सराय: नम:।**

परमात्मा निरंतर, सदैव दिव्य आनंद में रहते हैं। इसलिए उनका गुण, विशेषण और नाम मत्सर: है। साधक और भगत चाहे किसी भी धर्म, जाति या देश का हो उसकी सबसे बड़ी इच्छा उसी दिव्य आनंद की प्राप्ति करना है। पूर्ण श्रद्धा से इस मंत्र के सार्थक जप से उपासक उस दिव्य आनंद की प्राप्ति कर सकता है जिसके लिए ऋषि मुनि बड़े-बड़े तप करते हैं। शुद्ध, पवित्र, परोपकारी और निष्पाप भगत को यह मंत्र शीघ्र फल प्रदान करता है तथा उसके सांसारिक कष्ट समाप्त होने लगते हैं।

–देवेन्द्र उप्पल
अध्यक्ष, वैदिक संस्कृति केन्द्र, हिसार
मो. 98120-32700

# पृथ्वी पर जीवन बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में संलग्न रहना चाहिए : डॉ. रमेश आर्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार व ग्रीन हिसार, फिट हिसार फ़ाउंडेशन के बीच सहमति ज्ञापन हुआ। इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि महाविद्यालय पर्यावरण सुरक्षा में हमेशा से काम करता रहा है। डॉ. आर्य ने आगे कहा कि पृथ्वी पर जीवन बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के कार्य में संलग्न रहना चाहिए। इस दिशा में और सकारात्मक प्रयास के लिए महाविद्यालय ने ग्रीन हिसार फिट हिसार संस्था के साथ सहमति ज्ञापन किया ताकि दोनों संस्थाएँ इस दिशा में आगे भी मिलकर काम कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था के सहयोग से पहले भी महाविद्यालय द्वारा धाँसू गाँव में पौधारोपण करवाया जा चुका है और आगे भी इसी तरह प्रयासरत रहेंगे। ग्रीन हिसार फिट हिसार की तरफ़ से इस ज्ञापन पर डॉ रमेश भट्टी, श्री राजेंद्र सिंह, श्री चंद्रकांत व श्री देवेंद्र रोहिल्ला ने हस्ताक्षर किए। डॉ रमेश भट्टी ने संस्था के कार्य के बारे बताते हुए कहा कि संस्था पिछले कुछ सालों से लगातार प्रतिदिन पौधारोपण का कार्य कर रही है व पर्यावरण से जुड़े अन्य कार्य भी कर रही है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हिना पाहूजा व शाईना तहरिया मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम से सवाल पूछने जा रहे सैकड़ों किसानों को पुलिस ने बरवाला मंडी से गिरफ्तार किया : सरदानंद



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार के किसान नेताओं को आज बरवाला मंडी से पुलिस ने गिरफ्तार कर आग्रोहा थाना में नजरबंद किया गया। किसान नेताओं ने सरदानंद राजली ने कहा कि बीजेपी किसानों की मंडी को भी अपना राजनीति अखाड़ा बनाना चाहती है। किसान गेहूं बेचने आए हुए थे उनको भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मंडी में किसानों के ट्रैक्टर जाने पर पाबंदी और नेताओं की गाड़ी अंदर जा रही है। ये अलोकतांत्रिक एंव असंवैधानिक कार्यवाही है पूर्व मुख्यमंत्री एमएल खट्टर से सवाल पूछने जा रहे थे किसान, क्या सवाल पूछना किसानों का अधिकार नहीं है। किसान नेताओं ने कड़े शब्दों में निंदा की है। इसका जवाब आने आने वाले चुनाव में वोट की चोट से दिया जाएगा। बीजेपी को चुनाव में धूल चटाएंगें।

# एफ. सी. कॉलेज में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रा मोनिका रही प्रथम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में संस्कृत विभाग के सौजन्य से श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भौतिकवाद की दौड़ में हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति एंव सभ्यता से दूर होती जा रही है। उन युवा पीढ़ी में भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को जागृत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम करवाने की आवश्यकता है। इस प्रतियोगिता में अनेक छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम मोनिका, द्वितीय कोमल एवं तृतीय सोनम और मीनाक्षी रही। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया बैसाखी उत्सव और भीमराव अंबेडकर जयंती




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** विद्या भारती पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम पंजाबी संस्कृति पर आधारित था। नर्सरी से आठवीं क्लास तक के बच्चों ने पंजाबी वेषभूषा में विभिन्न प्रकार के डाँस प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को बैसाखी के त्यौहार के साथ जुड़े फसलों का महत्व समझाने के लिए खेतों में भ्रमण करवाया गया। जहां विद्यार्थियों ने किसानों से बातचीत कर गेहूं की फसल की खेती के बारे में जाना। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हमारे देश के किसानों के जीवन से रुबरु करवाना भी था। विद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट की गतिविधियों का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी पतंगे बनाकर अपनी खुशियां व्यक्त की। बैसाखी के त्यौहार के साथ-साथ भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गुरप्रीत कौर बेदी ने विद्यार्थियों को बैसाखी का महत्व समझाया और इस त्यौहार के पीछे जुड़े हुए इतिहास को बताकर विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बाबा भीमराव साहब अंबेडकर जी के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया और उनके आदर्शों को अपने ह्दय में संजोए रखने की सलाह दी।

# नारनौंद में कबाड़ी की दुकान में घुसा चोर : छत के 22 पंखे, तांबा-पीतल-लोहा चुराया; पीछे के दरवाजे से छत के रास्ते चोरी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** हिसार जिला के नारनौंद में कबाड़ की दुकान से चोर हजारों रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए। रात को चोर दुकान के पिछले दरवाजे से छत के जरिए अंदर घुसे थे। दुकान से तांबा, पीतल, छत के 22 पंखे व लोहे का चुराया गया है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दी आर्यन स्कूल में बैसाखी का त्योहार तथा भीमराव अंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई गई




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** कैमरी रोड़ स्थित दी आर्यन स्कूल में बैसाखी का त्योहार तथा अंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा दस के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल भारत के इतिहास को उजागर कर बाबा साहेब के नारे 'शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो' को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यथार्थ किया बल्कि अंबेडकर जी के जीवन की मुख्य शिक्षाओं को भी उजागर किया। वहीं दूसरी ओर पारंपरिक तरीके से फसल पकने और सिख धर्म की स्थापना के रूप में मनाए जाने वाले बैसाखी के उल्लास को पंजाब की मुख्य नृत्य शैली भांगड़ा 'जागो' द्वारा उजागर किया। बच्चों के शब्दों, कविता व नाटक ने बैसाखी के उल्लास में चार चाँद लगा दिए।

विद्यालय निदेशक श्री अनिल गोयल ने अंबेडकर जी की कही शिक्षाप्रद पंक्ति 'शिक्षा वह दरवाजा है जिसे खोल आप तरक्की के सारे रास्ते चुन सकते हैं, का व्याख्यान करते हुए कहा कि हर बच्चे को पढ़ने का अधिकार है और इसी पढ़ाई के द्वारा वह अपने जीवन में सफलता की उँचाइयों को छू सकता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जन-जन को जाकर आने वाले चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें तथा उन्हें अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए जागृत करें, तभी सही अर्थों में अंबेडकर जयंती सार्थक होगी। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता भंडारी ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापक वर्ग को बैसाखी तथा अंबेडकर जयंती की बधाई देते हुए बच्चों को जीवन पथ पर परिश्रम की राह अपनाते हुए उन्नति पथ पर अग्रसर रहने के लिए शुभकामनाएँ दी।

न्यूरोलॉजी, स्त्री रोग व हड्डी रोगों का
फ्री चैकअप कैम्प
दिनांक : 14 अप्रैल, 2024 समय : सुबह 9 बजे से सायं 3 बजे तक
मंथन हस्पताल
डॉ. शीतल वर्मा
MBBS, DGO, DNB (OBG)
Gyane Laparoscopie Surgeon
and infertility specialist
भूतपूर्व चिकित्सक जिन्दल हॉस्पिटल
डॉ. रमेश कुमार
Neurologist M.D., DrNB (Neurology)
Paras Hospital, Gurugram
G.B. Pant Hospital (MAMC), Delhi
PGIMS- Rohtak
डॉ. अंकित मदान
MBBS, MS, DNB, FIAS
Consultant Orthopedic Surgeon
Joint Replacement
& Spine Surgeon
कैंप के दिन टेस्ट पर भारी छूट
• अल्ट्रासाऊंड पर 30% की छूट
• रजिस्टर्ड गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी पर 30% की छूट
• गर्भवती महिलाओं की थायराइड की जांच FREE
• NCV, EEG, VEP & RNT पर 50% की छूट
• CT Scan पर 20% की छूट • BMD TEST FREE
• X-RAY व खून की जांच पर 30% की छूट
आयुष्मान कार्ड, हरियाणा सरकार एवं मुख्य टी.पी.ए सुविधा उपलब्ध है
Address : Plot No. 3-4, ITI Chowk, Tosham Road, Hisar
Ph. 74049-19094, 87084-83686

# प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में 14 अप्रैल को आयोजित होने वाले विशाल भव्य जागरण व भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से जारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 12 अप्रैल :** प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में 14 अप्रैल को प्रात: विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन मां चण्डके देवी का विशाल भव्य जागरण किया जाएगा। पूजा-अर्चना, भंडारे व जागरण की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया कि रात्रि जागरण में बरवाला के पूजा सांवरिया जागरण ग्रुप के कलाकार व गायक भजनों के माध्यम से आध्यात्मिकता का संचार करेंगे। इस दौरान माता का सुंदर दरबार सजाया जाएगा और अन्य कई झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भंडारे व जागरण में माउंट एवरेस्ट विजेता अनीता कुंडू, दीपक गर्ग श्याम भगत झज्जर वाले, स्वामी कृष्णानंद जी महाराज खरड़ अलीपुर, स्वामी जयदेव गिरी जी महाराज किनाला, पूर्व मंत्री छतरपाल सिंह, जिला पार्षद कर्मकेश कुंडू, एन. के. गोयल श्यामभक्त, धर्मवीर बंसल, महंत गोकुलदास श्याम मंदिर हिसार, एडवोकेट आशीष जैन, ताराचंद तायल दिल्ली, जयप्रकाश गोयल व रामधारी गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पंचग्राम के सरपंच, पूर्व सरपंच, नंबरदार व संत-महात्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

